कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक/एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2024/1647

भिलाई, दिनांक 22/2/24

//आदेश//

श्री शुभम रामटेके, सहायक ग्रेड–3 द्वारा न्यू खुर्सीपार आवासीय व्यवस्थापन कार्य के साथ–साथ राजस्व/सम्पदा विभाग में जमा किये जाने वाले भूभाटक संपरिवर्तन शुल्क प्रभारी लिपिक द्वारा चालान तैयार कर लेखा शाखा में राशि जमा करने एवं रसीद काटने का कार्य किया जाता है। उनके द्वारा मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व ब्लॉक क्रमांक 55 भूखण्ड क्रमांक 8 के आबंटिती द्वारा दिनांक 15.02.2024 को चालान के माध्यम से संपरिवर्तन शुल्क एवं भूभाटक की राशि रूपये 1,22,945.00 रसीद क्रमांक 8959/83 दिनांक 15.02.2024 तथा प्रवेश शुल्क एवं भूभाटक अंतर की राशि रूपये 2972.00 रसीद क्रमांक 8959/84 दिनांक 15.02.2024 जमा किया गया है तथा आबंटिती को मूल रसीद की कॉपी एवं प्रभारी लिपिक को छायाप्रति दिया गया है। दिनांक 20.02.2024 को श्री डी.रवि प्रभारी लिपिक द्वारा रसीद काटने के दौरान पाया गया, कि उक्त राशि लेखा शाखा में जमा नही किया गया है। उनसे मोबाईल में संपर्क किये जाने पर राशि जमा किये जाने के संबंध में पूछे जाने पर रूपये की व्यवस्था कर रहा हूँ, कहते हुये बहाने बाजी कर आज दिनांक 22.02.2024 शाम 5.30 बजे तक कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए है।

उक्तानुसार श्री शुभम रामटेके, सहायक ग्रेड–3 द्वारा निगम की राशि को गबन किया गया है जो कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक है तथा छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के (1)(2)(3) के विरूद्ध का आचरण है।

अतः उपरोक्त कृत्य के लिए श्री शुभम रामटेके, सहायक ग्रेड–3 को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच संस्थित किया जाता है। निलंबन अवधि में मुख्यालय जोन क्रमांक 05 सेक्टर 06 में रहेगा। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

Dinesh
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र/एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2024/1648
प्रतिलिपि :–

भिलाई, दिनांक 22/2/24

1. महापौर/अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त 1/2 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. जोन आयुक्त जोन क्रमांक 05 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी/राजस्व अधिकारी नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. प्रभारी स्थापना लिपिक, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को निगम भिलाई की वेबसाईट में अपलोड हेतु सूचनार्थ।
9. **श्री शुभम रामटेके, सहायक ग्रेड–3** नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।

Dinesh
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई